Vijay Kumar Jha
Asst Prof
Deptt in History
V.S.J. College Rajnagar

Degree Part III

Paper - V

Regional language and literature during Mughals

मुगल बादशाह जिस तरह राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक सुधारों के लिये प्रसिद्ध माने जाते थे उसी तरह वे कला, संस्कृति के प्रति भी पूर्ण योग्यता रखते थे। मुगल काल में देश का उच्चकोटि के सांस्कृतिक विकास हुआ। सौभाग्य से इस काल के सभी शासक उच्चकोटि के विद्वान तथा विद्यानुरागी थे। शासक स्वयं उच्चकोटि के कवि तथा लेखक थे अतएव उनके दरबार साहित्यकारों से भरा था।

साहित्यकारों के सहयोग से मुगल काल में साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हुई। तैमूर के वंशज विद्वान तथा विद्याप्रेमी थे। बाबर तुर्की भाषा के स्वयं कवि और लेखक थे। हुमायूँ बाबर के रचित ग्रंथ बाबरनामा इसका उत्कृष्ट प्रमाण है। हुमायूं गणित, ज्योतिष, साहित्य के अच्छा ज्ञाता थे उनकी बहन ने हुमांयु नामा लिखी।

बाबर के समय में फारसी साहित्य का अच्छी प्रगति हुआ बाबर के काल में अबुल-फजल सर्वश्रेष्ठ कवि था जिन्होंने अकबर नामा तथा आईने-अकबरी जैसे ग्रंथ लिखे थे। निजामुद्दीन का तबकाते अकबर, बदायुनी का मुन्तखाब-उत तवारिख, नहावन्दी का तजकिरातुल वाकयात, सरहिन्दी का तौफ-ए-अकबरशाही आदि मौलिक ग्रंथ अकबर कालीन इतिहास के साहित्यिक साधन है। स्वयं सम्राट अकबर ने पंचतंत्र, रामायण, महाभारत, राजतरंगिनी, हरिवंश पुराण आदि संस्कृत भाषा के ग्रंथों को फारसी भाषा में अनुवाद करवाया। इकबालनामा ये उस समय के उत्कृष्ट ग्रंथ थे। तत्कालीन कवियों में अब्दुल हक दहलवी फारसी का नामचीन कवि था। शाहजहां के शासन काल में - शाहजहां नामा, बादशाह नामा

अब्दुल हमीद लाहौरी ने लिखा। शाहजहाँ के बड़े पुत्र दारा ने जो फारसी और संस्कृत के विद्वान थे उसने पचास उपनिषदों का हिन्दू फारसी भाषा में करवाया। औरंगजेब के काल में आलमगीर नामा मिर्जा मोहम्मद काज़िम की रचना है। भीमसेन ने नुस्खे दिलकुशा तथा सुजान राय कि रचना फारसी कि प्रसिद्ध ऐतिहासिक कृतियाँ हैं।

अकबर हिन्दी कवियों के संरक्षक थे उनके दरबार में बीरबल जैसे कथाकार तथा तानसेन जैसे संगीतकार थे। इस काल का सबसे महान् कवि तुलसीदास थे जिन्होंने रामायण की रचना की। रामायण हिन्दी साहित्य कि सर्वश्रेष्ठ रचना में से एक है। सूरदास जिन्होंने कृष्ण भक्ति के प्रसिद्ध ग्रंथ सूरसागर की रचना किया था। अकबर के बाद शाहजहाँ भी के दरबारी कवि सुन्दर ने ब्रजभाषा में सुन्दर श्रृंगार की रचना की अन्य प्रसिद्ध कवि केशव, भूषण, लाल आदि थे जिन्होंने क्षेत्रीय राज्य कि कविताओं से हिन्दी साहित्य के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन किया।

हिन्दी, पंजाबी, बंगाली आदि भाषाओं का अध्ययन कर उनके साहित्य को बढ़ाने में फकीर, रहीम खानखाना, रसखान, मलिक मोहम्मद जायसी तथा मिर्जा हसन का नाम प्रमुख है। रसखान कृष्ण के भक्त थे उनकी रचनायें अत्यन्त हृदयग्राही और भावनापूर्ण है।

इस समय हिन्दुओं और मुसलमानों के सम्पर्क बढ़ने के कारण एक नई भाषा का जन्म हुआ जिसे उर्दू कहते हैं दक्षिण के बीजापुर और गोलकुण्डा में उर्दू भाषा का प्रयोग किया गया। उर्दू के प्रसिद्ध कवि वली औरंगाबाद के रहने वाले थे वह उर्दू कविता कार था। मो० शाह स्वयं उर्दू होने के अन्य प्रसिद्ध उर्दू कवि का संरक्षक था। औरंगजेब के बाद उर्दू कविता कि बड़ी उन्नति हुई गालिब, शाह नसीर, मीर जैसे उर्दू कवियों ने उर्दू साहित्य को समृद्ध कर दिया

मुगल काल में अवधी तथा ब्रजभाषा काव्य का भी विकास हुआ। अवधी के प्रसिद्ध कवि मलिक मोहम्मद जायसी शेरशाह के समकालीन थे। पद्मावत। हिन्दी का सुप्रसिद्ध महाकाव्य है, कबीर, सूर, तुलसी, भूषण आदि अवधी भाषा के प्रसिद्ध कवि थे।

मुगलकाल में क्षेत्रीय भाषाओं का विकास हुआ बंगला, मराठी पंजाबी, गुजराती, उड़ीया, राजस्थानी तमिल एवं तेलगू में कई ग्रंथ लिखे गये। बंगाली भाषा के मुख्य कवि - कृष्णदास, कविराज, वृन्दावनदास नरहरि चक्रवर्ती तथा रचनाओं में चैतन्यामृत, चैतन्यभागवत, भक्ति रत्नाकर आदि मुख्य है।

मराठी साहित्य के क्षेत्र में, तुकाराम, रामदास, वामन पंडित एकनाथ आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से साहित्य का उत्थान किया काशीराम दास के महाभारत जो बंगला में रचित है काफी चर्चित है।

फारसी, हिन्दी तथा उर्दू कि तरह संस्कृत का अधिक विकास नहीं हो सका। अकबर के समय में फारसी संस्कृत शब्दावली भाषा कोश लिखा। महेश ठाकुर ने संस्कृत में अकबरकालीन इतिहास लिखा। हरिसौभाग्यम् नामक संस्कृत पुस्तक कि रचना अकबर के काल में हुई थी अकबर के बाद संस्कृत का समुचित विकास नहीं हो सका। संस्कृत के विकास में जैनों का भी योगदान रहा जैन आचार्य पद्म सुन्दर एवं सिद्धि चन्द्र ने अकबर साही, श्रृंगारदान एवं भानुचन्द्र चरित नामक ग्रंथ कि रचना किया।

इस प्रकार निष्कर्षतः मुगलकाल को साहित्य के विकास के क्षेत्र में स्वर्ण मानना उचित होगा।

CH					2019
lo	Tu	We	Th	Fr	Sa
				1	2
4	5	6	7	8	9
1	12	13	14	15	16
8	19	20	21	22	23
5	26	27	28	29	30

Scanned with Can